# PANCHSHEEL PUBLIC SCHOOL

10+2 Senior Secondary School (Affiliated & Recognized by CBSE)
Jaitpur, Badarpur, New Delhi-44

**Revision paper Mid-Term Examination-2023-24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Time:** | **Subject: HINDI** | **Class: IX** | **M. Marks: 60** |
| **Name……………………** | **Roll No………….……** | **Section …….** | **Date:** |

**खंड-अ- (बहुविकल्पी / वस्तुपरकप्रश्न)**

**अपठित गद्यांश**

**प्रश्न1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए: (1x5=5)**

मनुष्य अपने भविष्य के बारे में चिंतित है। सभ्यता की अग्रगति के साथ ही चिंताजनक अवस्था उत्पन्न होती जा रही है। इस व्यावसायिक युग में उत्पादन की होड़ लगी हुई है। कुछ देश विकसित कहे जाते हैं, कुछ विकासोन्मुख विकसित देश में हैं जहाँ आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग हो रहा है। ऐसे देश नाना प्रकार की सामग्री का उत्पादन करते हैं और उम्र सामग्री की खपत के लिए बाजार ढूँढ़ते रहते हैं। अत्यधिक उत्पादन क्षमता के कारण ही ये देश विकसित और अमीर हैं। विकासोन्मुख या गरीब देश उनके समान ही उत्पादन करने को आकांक्षा रखते हैं और इसीलिए उन सभी आधुनिक तरीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। उत्पादन क्षमता बढ़ाने का स्वप्न देखते हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि सारे संसार में उन वायुमंडल-प्रदूषण यंत्रों की भीड़ बढ़ने लगी है जो विकास के लिए परम आवश्यक माने जाते हैं। इन विकास वाहक उपकरणों ने अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न कर दी हैं। वायुमंडल विषाक्त गैसों से ऐसा भरता जा रहा है कि मनुष्य का सारा पर्यावरण दूषित हो उठा है, जिससे वनस्पतियों तक के अस्तित्व संकटापन्न हो गए हैं। अपने बढ़ते उत्पादन को खपाने के लिए हर शक्तिशाली देश अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ा रहा है और आपसी प्रतिद्वंद्विता इतनी बढ़ गई है कि सभी ने मारणास्त्रों का विशाल भंडार बना रखा है।

1. विकासोन्मुख देश वे हैं जो-
   (क) शक्ति और समृद्धि से परिपूर्ण हैं।
   (ख) आधुनिक तकनीक का भरपूर प्रयोग करते हैं
   (ग) विविध प्रकार की सामग्री का उत्पादन करते
   (घ) उत्पादन क्षमता में वृद्धि का सपना संजोते हैं
2. वायुमंडल जहरीला क्यों होता जा रहा है?
   (क) नाना प्रकार की सामग्री के उत्पादन से
   (ख) वायुमंडल- प्रदूषण यंत्रों की भीड़ से
   (ग) आधुनिक तकनीक के उपयोग से
   (घ) विकसित देशों के कारण
3. देशों की आपसी प्रतिद्वंद्विता बढ़ने का क्या कारण है?
   (क) शक्तिशाली देशों में आगे बढ़ने की होड़
   (ख) सांप्रदायिक मतभेद
   (ग) विज्ञान और तकनीकी
   (घ) मारणास्त्रों का प्रयोग

4. 'अग्रगति' शब्द का अर्थ है-

    (क)गतिशील

    (ख)गतिरोध

    (ग) गतिविज्ञान

    (घ) प्रगति

5. 'विकासोन्मुख' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए-

    (क) विकास + मुख

    (ख) विकास + उन्मुख

    (ग) विकासो + न्मुख

    (घ) वि + कास + उन्मुख

**अपठित काव्यांश**

**प्रश्न2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए: (1x5=5)**

सुख-दुख मुस्काना नीरज से रहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना ।
मैं वीर नारी हूँ साहस की बेटी,
मातृभूमि रक्षा को
वीर सजा देती ।
आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना ।
मात-भूमि जन्म भूमि
राष्ट्र-भूमि मेरी,
कोटि-कोटि वीर पूत
द्वार-द्वार देरी ।
जीवन भर मुस्काए भारत का अँगना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

1- सुख दुख में मुस्कुराते हुए कैसे रहना चाहिए?

    (क) धीरज

    (ख) धीर

    (ग) शीर

    (घ) वीर

2- आकुल अंतर की पीड़ा किसके लिए सहनी चाहिए?

    (क) राष्ट्र

    (ख) समाज

(ग) जाति

(घ) धर्म

**3-** मातृभूमि जन्मभूमि....मेरी । उपयुक्त शब्द खाली स्थान में भरिए।

(क) देवभूमि

(ख) गांव भूमि

(ग) शहर भूमि

(घ) राष्ट्रभूमि

**4-** भारत का अंगना कब तक मुस्कुराए।

(क) जीवन भर

(ख) उम्र भर

(ग) मुट्ठी भर

(घ) पल भर

**5-** माता के लिए पर्यायवाची छांटिए।

(क) जननी

(ख) दादी

(ग) नानी

(घ) बुआ

**व्यावहारिक व्याकरण**

प्रश्न3 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए. (1**x10=10)**

(क) 'तिरंगा' के लिए कौन-सा विग्रह और समास उपयुक्त है?

**(i)** तीन के लिए रंग - तत्पुरुष समास

**(ii)** तीन और रंग - द्वंद समास

**(iii)** तीन रंगों का समाहार - द्विगु समास

**(iv)** तीन रंग है जो - बहुव्रीहि समास

(ख) 'त्रिफला' शब्द किस समास का उदाहरण है?

**(i)** द्विगु समास

**(ii)** द्वंद्व समास

**(iii)** कर्मधारय समास

**(iv)** तत्पुरुष समास

(ग) 'संपूर्ण' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

**(i)** सन्

**(ii)** सम्

**(iii)** स

**(iv)** सन

(घ) 'अव' उपसर्ग किस शब्द में नहीं है?

**(i)** अवगुण

**(ii)** अवनति

**(iii)** अवतरण

**(iv)** अवता

(ङ) 'पराधीन' में मूल शब्द है-

**(i)** धीन

**(ii)** अधीन

**(iii)** अध

**(iv)** न

(च) किस शब्द में 'आकू' प्रत्यय नहीं लगा है?

**(i)** लड़ाकू

**(ii)** बिकाऊ

**(iii)** पढ़ाकू

**(iv)** )उड़ाकू

(छ) अर्थालंकारों में चमत्कार------------- के कारण होता है?

**(i)** पद

**(ii)** अर्थ

**(iii)** शब्द

**(iv)** वाक्य

(ज) कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाए। यह उदाहरण है:

**(i)** यमक अलंकार का

**(ii)** अनुप्रास अलंकार का

**(iii)** श्लेष अलंकार का

**(iv)** अतिशयोक्ति अलंकार का

(झ) जहां वर्णों की आवृत्ति से चमत्कार उत्पन्न हो वहां...........अलंकार होता है।

(i)श्लेष अलंकार

(ii) अतिशयोक्ति अलंकार

(iii) अनुप्रास अलंकार

**(iv)** यमक अलंकार

(ञ) पीपर पात सरिस मन डोला।यह उदाहरण है

**(i)** यमक अलंकार का

**(ii)** अनुप्रास अलंकार का

**(iii)** उपमा अलंकार का

(iv) अतिशयोक्ति अलंकार का

पाठ्य-पुस्तक

प्रश्न4 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए: (1**x5=5)**

सामंती संस्कृति के तत्व मारत में पहले भी रहे हैं। उपभोक्तावाद इस संस्कृति से जुड़ा रहा है। आज सामंत बदल गये हैं, सामंती संस्कृति का मुहावरा बदल गया है। हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें, परंपराओं का अवमूल्यन हुआ है, आन्याओं का सरण हुआ है। कड़वा सच तो यह है कि हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं। पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे हैं। हमारी नयी संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है। हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं, उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। संस्कृति की नियंत्रण शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं। हमारा समाज ही अन्य निर्देशित होता जा रहा है। विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं। उनमें सम्मोहन की शक्ति है, वशीकरण की भी।

1.सामंती संस्कृति एवं उपभोक्ताओं में क्या संबंध है?

**(**क) )सामंती संस्कृति से ही उपभोक्ता संस्कृति उत्पन्न हुई

**(**ख) उपभोक्तावाद ने सामंती संस्कृति को जन्म दिया

**(**ग) उपभोक्ताबाद के बिना सामंती संस्कृति टिक नहीं पाती।

(घ)सामंती संस्कृति औरउपभोक्तावाद में कोई अंतर नहीं है

**2.** हमने कैसी दासता स्वीकार कर ली है।

(ख) वैचारिक दासता

(ग) बौद्धिक दासता

(घ) सांस्कृतिक दासता

(ङ) आर्थिक दासता

**3.** हम किस संस्कृति का अनुकरण कर रहे हैं?

(क) पूर्वी संस्कृति

(ख) अविकसित संस्कृति

(ग) भारतीय संस्कृति

(घ) पाश्चात्य संस्कृति

**4.** हमारी मानसिकता का कौन-सा तंत्र बदल रहा है?

(क) प्रजातंत्र

(ख) राजतंत्र

(ग) विज्ञापन तंत्र

(घ) आधुनिक तंत्र

**5.** सांस्कृतिक के संस्कृति में इक प्रत्यय जुड़ा है। निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द इक प्रत्यय युक्त नहीं है।

(क) दैनिक

(ख) भौतिक

(ग) पाठक

(घ) मानसिक

प्रश्न 5. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-(2)

1.अंतहीन सफर का क्या आशय है?

**(**क) बहुत लंबी यात्रा

**(**ख) मृत्यु के उपरांत अंतिम यात्रा

(ख)जंगलों में भटक जाना

**(**घ) हम में आगे च चलना

(2**.)** सलीम अली का यह आखिरी पलायन कैसा था?

(क) अपना काम छोड़ रहे थे

(ख) अपना दफ्तर छोड़कर भाग रहे थे

(ग) विदेश जाकर बस रहे थे

(घ) मौत के आगोश में चले गए

प्रश्न 6. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए: (1**x5=5)**

क्या? देख न सकती जंजीरों का गहना? हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश राज का गहना, कोल्हू का चर्रक यूँ? जीवन की तान, मिट्टी पर अंगुलियों ने लिखे गान! हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जुआ, खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कुआं दिन में करुणा क्यों जगे, रुलानेवाली, इसलिए रात में गज़ब ढा रही आली? इस शांत समय में, अंधकार को बेध, रो रही क्यों हो?कोकिल बोलो तो। चुपचाप, मधुर विद्रोह-बीज इस भौति बो रही क्यों हो? कोकिल बोलो तो।

**1.** कवि ने गहना किसे कहा है?

(क) अपने पांव में पड़ी जंजीरों को

(ख) वस्त्राभूषणों को

(ग) ब्रिटिश राज को

(घ) काले पानी की जेल करना

**2.** कोल्हू की चर्रक **-** यूँ की आवाज कवि के लिए क्या है?

(क) परेशान करने वाली रात

(ख) आनंद की बात

(ग) जीवन की ताल

(घ) मधुर संगीत

**3.** एक कवि अपने गीत कहाँ लिखता है?

(क) कागज पर

(ख) मिट्टी पर

(ग) जेल की दीवारों पर

(घ) अपने वस्त्रों पर

**4.** कोवल किसके बीज बो रही है?

(क) विद्रोह के

(ख) प्यार के

(ग) नफरत के

(घ) वैभव के

**5.** कवि मोट खींचकर क्या करता है?

(क) पानी निकालता है

(ख) ब्रिटिश सरकार की जकड़ निकालता है

(ग) कोल्हू चलाकर तेल निकालता

(घ) ('ख' और 'ग' कथन सत्य है।

प्रश्न 7. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-(2)

**(1)** गोपिका कृष्ण की मुरली को अपने होठों से क्यों नहीं लगाना चाहती।

(क) वह मुरली को अपनी सौत समझती है।

(ख) वह मुरली कृष्ण के होठों से लगी हुई है

(ग) वह मुरली हरे बॉस की नहीं है

(घ) तभी कथन सत्य हैं

2. कोकिल के स्वर में कवि को क्या लगता है ?

(क) यह किसी का संदेशा लाई है।

(ख) यह डर गई है।

(ग) यह बहुत दुखी है।

(घ) कुछ नहीं।

खंड-ब- वर्णात्मक प्रश्न

पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक

प्रश्न8. निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-(2**x3=6)**

**(1)** आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है

**(2)** सलीम अली प्रकृति की दुनिया में टापू बनने की बजाय अथाह सागर बनकर उभरे थे। स्पष्ट कीजिए।

**(3)** सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबंधित किन संभावित खतरों का चित्र खींचा होगा, जिससे उनकी आंखें नम हो गई थी?

**(4)** हीरा और मोती को 'मृतक बैल' कब और क्यों कहा गया?

प्रश्न 9. निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2**x3=6)**

**(1)** कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं?

**(2)** ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है

**(3)** हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है?

**(4)** “कैदी और कोकिला” में कवि ने किसकी करनी को काला बताया है और क्यों?

प्रश्न 10. निम्नलिखित 2 प्रश्नों में से किसी 1 प्रश्न का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- (4**x1=4)**

**(1)** लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी वह उनके व्यक्तित्व से क्यों प्रभावित थी। स्पष्ट कीजिए।

**(2)** “शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है” - इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

लेखन

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:

**(1 x 5 = 5)**

**(1)** विज्ञापनों से घिरा हमारा जीवन

•वर्तमान युग विज्ञापनों का

•विज्ञापनों का जीवन पर असर

•विज्ञापनों से लाभ और हानि

**(2)** राष्ट्रीय एकता

• राष्ट्रीय एकता से अभिप्राय व आवश्यकता

•भारत में अनेकता के विविध रूप

• राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के उपाय

**(3)** मेरा प्रिय कवि - महाकवि तुलसीदास

• भूमिका एवं जीवन परिचय

• व्यक्तित्व की विशेषताएं

• उनका साहित्य एवं उसमें प्रयुक्त भाषा

प्रश्न 12. शीर्षक देते हुए एक लघुकथा लिखिए जिससे निम्नलिखित शिक्षा मिलती हो- (5)

‘लालच का फल हमेशा बुरा होता है इसलिए हमें कभी लालच नहीं करना चाहिए।‘

अथवा

आने वाली छुट्टियों में कहीं बाहर घूमने चलने के लिए दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।